**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में 5 सौ मिलीलीटर तक की प्लास्टिक बोतलों पर आज से प्रतिबंध लागू– विभागों को जागरूकता बढ़ाने के निर्देश।
- भाजपा ने विमल नेगी की मौत के मामले में सरकार की नीयत पर फिर उठाए सवाल– मुख्यमंत्री ने राजनीति करने का लगाया आरोप।
- अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव आज से– राज्यपाल करेंगे पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ।
- मण्डी ज़िले के कटौला में एक सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत।

**प्रतिबंध**

प्रदेश में आज से 5 सौ मिली लीटर तक की पानी की प्लास्टिक बोतलों पर प्रतिबंध लागू हो गया है। इस प्रतिबंध के तहत सभी सरकारी कार्यक्रमों व होटलों में पॉलीथीन टेरेफ्थैलेट विशेषता वाली 5 सौ मिली लीटर तक की बोतलों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। ये निर्णय प्रदेश में प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के चलते लिया गया है। राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लिए गए इस महत्वपूर्ण कदम की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के विभागों को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में विभागों को व्यापक जन जागरूकता बढ़ाने को भी कहा गया है।

**इको टूरिज़्म**

प्रदेश में नई इको टूरिज़्म नीति के तहत 77 इको टूरिज़्म स्थल विकसित किए जाएंगे। सरकार ने नई नीति के तहत अगले 5 वर्षों में 2 सौ करोड़ रूपए का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य रखा है। नई इको टूरिज़्म नीति का उद्देश्य पर्यटकों को आकर्षित करना, रोज़गार के अवसर सृजित करना और राज्य की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना है। राज्य सरकार के अनुसार प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा रहा है और नई इको टूरिज़्म नीति से भी पर्यटन व प्रकृति दोनों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने विमल नेगी की मौत के मामले में एकबार फिर प्रदेश सरकार की नीयत पर सवाल उठाए हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री सी.बी.आई. जांच का स्वागत और जांच में सहयोग की बात कर रहे हैं लेकिन दूसरी ओर सरकार सी.बी.आई. जांच से विचलित हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री की बात कोई विधायक, मंत्री, उपमुख्यमंत्री और अधिकारी नहीं मान रहा है। ऐसे में उन्हें नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

**सीएम–प्रतिक्रिया**

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर विमल नेगी मामले को लेकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जयराम ठाकुर या भाजपा के पास इस मामले को लेकर कोई दस्तावेज़ है तो वे इसे सी.बी.आई. को सौंप सकते हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को राजनीति करने के बजाय जांच में सहयोग देने की सलाह दी है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल से हमीरपुर व कांगड़ा ज़िले के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। दो जून को वे हमीरपुर ज़िले के दौरे के दौरान कई विकास योजनाओं के शिलान्यास व उद्‌घाटन करेंगे। 3 जून को दोपहर बाद मुख्यमंत्री देहरा विधानसभा क्षेत्र में कई विकास योजनाओं का आरम्भ करेंगे। 4 जून को उनका देहरा विधानसभा क्षेत्र में बिजली बोर्ड के नए विद्युत वृत्त देहरा का शुभारम्भ व राजकीय महाविद्यालय ढलियारा के नए प्रशासनिक भवन के उद्‌घाटन सहित कई विकास योजनाओं में भाग लेने का कार्यक्रम है।

**शिमला ग्रीष्मोत्सव**

शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल अब से कुछ देर बाद ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करेंगे। इस वर्ष शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। एक रिपोर्ट...

.....

***5 दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय समर फैस्टिवल का आज आगाज होगा जिसकी पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताव शुक्ल द्वारा सांय 8 बजे किया जायेगा। ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन स्कूलों के छात्र व स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध पार्श्व गायिका निधि रस्तोगी सांस्कृतिक संध्या की मुख्य आकर्षण होगी। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला से 3 राज्यों के सांस्कृतिक दल भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे जिसमें हरियाणा, पंजाब और जम्मू कश्मीर राज्य के दल शामिल रहेंगे। शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन ड्राइव अगेंस्ट ड्रग्स और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। 5 जून तक चलने वाले ग्रीष्मोत्सव में हिमाचली कलाकारों के अलावा पंजाबी, हिंदी पार्श्व गायक लोगों का खूब मनोरंजन करेंगे।***

**महानाटी**

इस बीच, शिमला ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन आज महानाटी का आयोजन किया गया। इसमें शिमला शहरी और मशोबरा की करीब एक सौ 50 महिलाओं ने भाग लेकर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस दौरान ज़िला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार ग्रीष्मोत्सव के दौरान 5 दिन तक महिलाएं महानाटी में हिस्सा लेंगी।

**दुर्घटना**

मण्डी ज़िले के कटौला क्षेत्र में आई.आई.टी. कमांद के समीप आज एक पिक–अप वाहन के खाई में गिर जाने से 5 लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ये लोग इस वाहन में टैंट का सामान लेकर जा रहे थे। हादसे में मारे गए दो लोग पंजाब जबकि एक व्यक्ति हरियाणा से संबंधित बताया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से गहरी संवेदना जताई है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। सोलन के ठोडो मैदान में राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं को प्रतिभा निखारने के अवसर भी मिलते हैं। शांडिल ने कहा कि युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। प्रतियोगिता में देश भर के करीब 4 सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सरकार अन्य खेलों के साथ कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सुन्नी के समीप घरयाणा में आज महादंगल के अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर पंचायत क्षेत्र का समयबद्ध तरीके से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि लोगों को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल सके। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बीते अढ़ाई वर्षों के दौरान शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 सौ करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत हुई है।

**फिटनेस**

युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की मेरा युवा भारत पहल के तहत आज धर्मशाला में साइकिल रैली निकाली गई। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत निकाली गई इस रैली का आयोजन ''फिटनेस के डोज़–आधा घंटा रोज़'' के आहवान पर किया गया। अंतर्राष्ट्रीय युवा आइकन व भारतीय राष्ट्रीय एथलीट ज्योति ठाकुर ने साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाई। ये रैली धर्मशाला में खेल स्टेडियम से शहीद स्मारक तक निकाली गई। इस दौरान युवाओं ने लोगों को फिटनेस के महत्व का संदेश दिया।

**गौवंश**

राज्य सरकार ने गौसदनों में रखे पशुओं के लिए मासिक चारा अनुदान 7 सौ रूपए से बढ़ाकर एक हज़ार दो सौ रूपए प्रति पशु करने का निर्णय लिया है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार बढ़ा हुआ अनुदान बेसहारा गौवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने में कल्याणकारी सिद्ध होगा। सरकार के इस निर्णय से खेतों में बेसहारा घूमने वाले पशुओं से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। प्रवक्ता ने बताया कि नए गौसदनों की स्थापना के लिए सरकार लोगों को 10 लाख

रूपए या परियोजना लागत की 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दे रही है। गौ सदन विस्तार के लिए 5 लाख या परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश में 5 सौ मिलीलीटर तक की प्लास्टिक बोतलों पर आज से प्रतिबंध लागू– विभागों को जागरूकता बढ़ाने के निर्देश।
- भाजपा ने विमल नेगी की मौत के मामले में सरकार की नीयत पर फिर उठाए सवाल– मुख्यमंत्री ने राजनीति करने का लगाया आरोप।
- अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव आज से– राज्यपाल करेंगे पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ।
- मण्डी ज़िले के कटौला में एक सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत।